राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 851 / 2022 दिनांकः– 22 जुलाई, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः– परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र सं0 आर0एम0पी0यू0 / 765 / 2022 दिनांक 15 जुलाई, 2022 का अवलोकन करें, जिसमें स्नातक द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2021–22 के परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क दिनांक 19.07.2022 तक जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु बैंक से प्राप्त डाटा के मिलान से पाया गया कि अधिकांश स्ववित्तोषित महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है। आप अवगत ही है कि दिनांक 06 अगस्त, 2022 से द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रस्तावित है और विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने है।

मा0 कुलपति जी द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी महाविद्यालय अपने परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क बिना विलंब शुल्क के दिनांक 26 जुलाई, 2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें अथवा रू0 500 / – प्रति छात्र विलंब शुल्क सहित समस्त परीक्षा शुल्क दिनांक 27 जुलाई, 2022 तक निम्न प्रकार से जमा करना सुनिश्चित करें:–

1. विश्वविद्यालय वेबसाइट से निकाले गये पाठ्यक्रमवार MIS में अंकित धनराशि पाठ्यक्रमवार एवं पूरी धनराशि नेट बैंकिंग NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से जमा करें।
2. जिनके पास नेट बैंकिंग की सुविधा नहीं है, वे जनरेट किये गये MIS की प्रति सहित अलीगढ मण्डल क्षेत्रान्तर्गत पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी शाखा में शुल्क जमा करें। नकद धनराशि बैंक में स्वीकार नहीं की जायेगी, जमा किये गये शुल्क की एक प्रति MIS सहित विश्वविद्यालय में जमा करायें।

कृपया यह सभी सुनिश्चित करें कि यह अन्तिम अवसर है। यदि निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो उन महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा।

भवदीय

22/7/22
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, खैर, अलीगढ।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाईल।

22/07/22
सहायक कुलसचिव

Scanned with CamScanner